# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर– 302015
(दूरभाष नं0:–0141–2740837,, फैक्स 0141–2742309, ई मेलः–jacct.dta@rajasthan.gov.in)

क्रमांकः– एफ.3(ई)(1)(6)/डीपीसी/2024–25/अलेसे–II/5444 दिनांकः– 07.03.2025

**आदेश संख्याः– 253/2024-25**

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम, 1963 के नियम 29(2ए) के अन्तर्गत गठित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी वर्ष 2022–23) की सिफारिशों के आधार पर नॉन टी.एस.पी. क्षेत्र में श्री सुदर्शन कुमार वर्मा, कनिष्ठ लेखाकार (मेरिट संख्या 1814/2013) जन्म तिथी 15.07.1991 का चयन उक्त नियमों के अन्तर्गत सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के रिक्त पद (दिनांक 01.04.2022) वरिष्ठता सह योग्यता के आधार पर किया गया था, किन्तु इनके विरूद्ध दहेज प्रकरण में थाना चन्दवाजी जयपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 16/19 दिनांक 16.11.2019 में चालान पेश किए जाने के कारण पदोन्नति नतीजे को बंद लिफाफा किए जाने की अनुशंषा की गई थी। प्रकरण विचाराधीन होने के कारण इनके पदोन्नति आदेश जारी नही किये गये।

श्री सुदर्शन कुमार वर्मा, कनिष्ठ लेखाकार के विरूद्ध दर्ज मुकदमा संख्या 16/19 दिनांक 16.11.2019 मे अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम–2 जयपुर में विचाराधीन न्यायिक प्रकरण संख्या 58/2020(158/2022) में माननीय न्यायालय के निर्णय दिनांक 04.09.2024 में दोषमुक्त करने एवं अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश क्रम–3 जयपुर के दाण्डिक निगरानी संख्या 1/2023 (46/2023) में आदेश दिनांक 20.01.2024 द्वारा इस याचिका को खारिज किए जाने के कारण इनकी पदोन्नति सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर पे मैट्रिक्स लेवल–11 में स्थानापन्न रूप से की जाती है। इनकी वरिष्ठता श्री मौसम मान एवं जयश्री शर्मा के मध्य रहेगी।

श्री सुदर्शन कुमार वर्मा, कनिष्ठ लेखाकार उक्तानुसार पदोन्नति के फलस्वरूप अपने वर्तमान पद पर इस पद को अस्थाई रूप से यथा आवश्यकता सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II में क्रमोन्नत मानते हुए कार्यग्रहण कर अग्रिम आदेशों तक यथावत कार्यरत रहेगें।

श्री सुदर्शन कुमार वर्मा, को सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर चयन वर्ष 2022–23 से इस आदेश दिनांक तक पदोन्नति पद का वेतन निर्धारण का केवल काल्पनिक लाभ ही देय होगा एवं वास्तविक परिलाभ कार्यग्रहण तिथी से देय होगा।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.3(ई)(1)(6)/डीपीसी/2024–25/अलेसे–II/5444 दिनांकः– 07.03.2025

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. संबंधित विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष.........................................................
2. वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक महोदय।
3. संबंधित कनिष्ठ लेखाकार।
4. उपनिदेशक (एसीपी) कम्प्यूटर शाखा (वेबसाइट हेतु)।
5. रक्षित/निजी पत्रावली।

(सीमा कौशल)
संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II/III)